# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/3962
दिनांक : 28/03/2022

## विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित एवं काउंसलिंग के माध्यम से चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्वःवित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित छात्रों के सत्र 2021–23 प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा, विश्वविद्यालय पोर्टल पर सम्बद्ध अल्पसंख्यक संस्थानों के पंजीकृत छात्रों के सत्र 2021–23 प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा, सत्र 2018–20 व उसके पश्चात प्रविष्ट छात्रों की भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं शीघ्र प्रारम्भ करायी जानी प्रस्तावित हैं।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuweb.in** पर दिनांक **01-04-2022** से निम्नानुसार ऑन लाईन भरवाये जाने हैं :–

<u>ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं</u> :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | **01-04-2022** से |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **10-04-2022**तक |
| 03. | छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | **11-04-2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म (एन0आर0 के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के बी0एड0 परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की जनपदवार अन्तिम तिथि :– | |
| | **बुलन्दशहर एवं गाजियाबाद** | **12-04-2022** तक |
| | **बागपत एवं मेरठ** | **13-04-2022** तक |
| | **हापुड़ एवं गौतमबुद्ध नगर** | **15-04-2022** तक |

<u>नोट</u> :–

1. बी0एड0 सत्र 2020–22 द्वितीय वर्ष (मुख्य परीक्षा/भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा) परीक्षा फार्म भरे जाने की विज्ञप्ति पृथक से निर्गत की जायेगी।
2. सत्र 2021–23 में नव प्रविष्ट (Newly admitted) छात्र, जो माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के अन्तर्गत आने वाले सहारनपुर, मुज्जफरनगर एवं शामली जिलों के महाविद्यालयों/संस्थानों में पंजीकृत हैं, के परीक्षा फार्म चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा नहीं भरवाएं जायेंगे।
   सत्र 2020–22 व उससे पूर्व प्रविष्ट छात्रों की परीक्षा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा ही आयोजित कराई जायेगी।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से निवेदन है कि परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा सत्र 2021–23 हेतु दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार ही परीक्षा फार्म का सत्र तथा छात्र/छात्राओं की अर्हता की जाँच के उपरान्त ही परीक्षा फार्म कन्फर्म करने के पश्चात विश्वविद्यालय में जमा करायें एवं इसी के साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म में तात्विक अनियमितता/काल्पनिक एवं कूटरचित तथ्य पाये जाने पर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
4. परीक्षा फार्म के साथ समस्त विद्यार्थियों के पत्राजात की हार्ड कापी एवं नोमिनल रोल लिस्ट विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेंसी द्वारा बनायी गयी ऑन लाईन नोमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित नहीं की गयी है।
5. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षों (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्य परीक्षा के रूप में) के परीक्षा फार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।
6. री–बैक परीक्षा फार्म किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा।
7. संयुक्त प्रवेश परीक्षा सत्र 2021–23 के अनुसार सामान्य/पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के स्नातक/परास्नातक स्तर पर कुल प्राप्तांक का प्रतिशत पूर्ण हो।
8. अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रणाण पत्र व सन्दर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

क्रमशः......2

9. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक यह भी सुनिश्चित कर लें कि छात्र द्वारा वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही चयनित किया जाए। अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय/छात्र की जिम्मेदारी स्वयं होगी।
10. विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाईल नं0, ई–मेल त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय/संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निम्न निर्देशों को ठीक से पढ़े :–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट www.ccsuweb.in पर click करें।
2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
3. बी0एड0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा के विद्यार्थी उन्हें पिछले वर्ष में आवंटित अनुक्रमांक अंकित करें, इसके पश्चात Submit पर click करें। click करने पर उनका समस्त विवरण खुल जाएगा। तत्पश्चात परीक्षा फार्म में माँगा गया विवरण भरने के पश्चात Submit Form पर click करें। Submit Form पर click करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण पुनः अवश्य चैक कर लें। click करने के पश्चात फार्म प्रिंट के लिए तैयार है।
4. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना फार्म मान्य नहीं है।
5. परीक्षा फार्म भरने के उपरांत विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिंट निकाल लें। परीक्षा फार्म की एक हार्ड कॉपी महाविद्यालय/संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
6. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म को पोर्टल पर ऑन लाइन कन्फर्म करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।
7. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदारी नहीं होगा।
8. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों एवं नोमिनल रोल लिस्ट की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।
9. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षा फार्म प्रेषित न किया जाये। अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
10. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म पोर्टल से मुद्रित नोमिनल रोल लिस्ट क्रम के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रेषित करें अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (बी0एड0 परीक्षा/परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

04/03/22

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)